## एक नजर में

### महाराष्ट्र की मतदाता सूची भी ऑनलाइन उपलब्ध

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के महाराष्ट्र से सटे जिलों के मतदाताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध करा दी गई है. पहले महाराष्ट्र की पिछली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर मतदाता सूची ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होने के कारण, हमारे राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के मतदाता अपने एन्यूमरेशन फॉर्म / गणना पत्रक में महाराष्ट्र के पिछले एसआईआर से संबंधित विवरण सही तरीके से दर्ज नहीं कर पा रहे थे. अब महाराष्ट्र की यह पिछली एसआईआर मतदाता सूची ऑनलाइन कर दी गई है, जिससे सीमावर्ती जिलों के मतदाताओं के लिए जानकारी तक पहुंच आसान हो गई है. विशेष रूप से यह पूरी जानकारी अब बीएलओ ऐप पर भी उपलब्ध करा दी गई है.

### घोटाला : गोदाम से 83 लाख की खाद गायब

**भिण्ड.** जिले में खाद संकट के बीच लहार क्षेत्र के डबल डैक खाद गोदाम में बड़ा घोटाला सामने आया है. सहकारी विपणन संघ की शिकायत पर हुई जांच में पाया गया कि गोदाम से 83 लाख 40 हजार रुपये से अधिक मूल्य की खाद बिना किसी अनुमोदन और वितरण रिकॉर्ड के गायब है. लहार थाना पुलिस ने गोदाम प्रभारी दीपक शर्मा के खिलाफ गबन का प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है .पिछले दिनों भिण्ड जिले में किसान डीएपी और यूरिया के लिए लंबी कतारों में खड़े रहे. इसी दौरान गोदाम में हजारों बोरी खाद का लेखा-जोखा ना मिलने का मामला उजागर हुआ. प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाए जाने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की.

### सुशासन है सरकार की पहचान : सीएम

**भोपाल.** मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के आज पुलिस के हत्थे चढ़ने के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुशासन सरकार की पहचान है और कोई भी अगर कानून को अपने हाथों में लेगा तो सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। गौहरगंज से जुड़े इस मामले के संदर्भ में सीएम ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि पुलिस इस मामले में आरोपी को छोड़ेगी नहीं। किसी भी स्तर की ढिलाई भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में गंभीर गड़बड़ी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 नवम्बर. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन में शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें मतदाता सूची के जारी पुनरीक्षण अभियान में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं को उजागर किया गया.**



नेताओं ने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम या तो हटा दिए गए हैं या उन्हें मनमाने ढंग से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे चुनावी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है.

प्रेस कांफ्रेंस को मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, संगठन महामंत्री डॉ. संजय कॉमले, प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी महेंद्र जोशी, मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रभारी ललित सेन, वरिष्ठ नेता जेपी धनोपिया तथा प्रदेश प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता और जितेंद्र मिश्रा ने संबोधित किया. हरीश चौधरी ने निर्वाचन आयोग पर अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन में विफल रहने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम या तो गायब हैं या गलत तरीके से स्थानांतरित कर दिए गए हैं. उनका दावा था कि आयोग सत्तारूढ़ भाजपा के दबाव में काम कर रहा है. उन्होंने 14 दिसंबर को दिल्ली में विशेष पुनरीक्षण अभियान से जुड़े मुद्दों पर बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की और कहा कि कांग्रेस हर उस मतदाता की रक्षा करेगी जिसका नाम गलत तरीके से हटाया या बदला गया है.

### जीतू पटवारी का 'वोट प्रोटेक्टर अभियान'

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषणा की कि बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों को देखते हुए पार्टी 'वोट प्रोटेक्टर अभियान' शुरू करेगी. उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर से जारी नई मतदाता सूची की निगरानी के लिए प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए जाएंगे, जो वोट प्रोटेक्टर की भूमिका निभाएंगे.

# एमवाय अस्पताल से हत्या का आरोपी कैदी फरार

- मचान के सहारे निकला बाहर, इलाज के लिए भर्ती किया था आरोपी को



नव भारत न्यूज

**इंदौर. इलाज के लिए अस्पताल लाया गया बंदी शुक्रवार सुबह वार्ड से गायब हो गया. जांच में सामने आया कि वह निर्माण कार्य के दौरान लगी मचान से उतरकर भाग निकला. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसकी जोरशोर से तलाश शुरू कर दी है.**

एमवाय अस्पताल में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब इलाज के लिए भर्ती किया गया हत्या का आरोपी विशाल प्रजापति चौथी मंजिल से फरार हो गया. अस्पताल की चौथी मंजिल पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान लगाई गई मचान उसके लिए भागने का रास्ता बन गई. जब ड्यूटी पर तैनात जेल गार्ड वापस लौटा और कैदी को बेड से गायब पाया, तो तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी गई. कुछ ही देर में संयोगितागंज पुलिस ने अस्पताल परिसर में तलाशी अभियान शुरू कर दिया. सूत्रों ने बताया कि कुलकर्णी का भट्टा निवासी विशाल को सेंट्रल जेल से तबीयत बिगड़ने पर एमवाय अस्पताल लाया गया था. उसे वार्ड नंबर 23 में रखा था. सुबह गार्ड के कुछ देर के लिए बाहर जाने का फायदा उठाकर वह वार्ड से बाहर आया और बालकनी से मचान पकड़कर नीचे उतर गया. उसके फरार होते ही आसपास के थानों, परदेशीपुरा और बाणगंगा पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया है.

### अर्चना डाबर हत्याकांड का मुख्य आरोपी है फरार कैदी

संयोगितागंज थाना प्रभारी केपी यादव का कहना है कि रिकॉर्ड के मुताबिक, विशाल प्रजापति 2020 में हुए अर्चना डाबर हत्याकांड का मुख्य आरोपी है. श्याम नगर निवासी अर्चना का शव जनवरी 2021 में एक चैंबर से सड़े-गले हाल में बरामद हुआ था. जांच में सामने आया था कि विशाल ने अपने दोस्तों सत्यनारायण सोलंकी और शिव नंदन राठौर के साथ मिलकर अर्चना की गला घोंटकर हत्या की थी. वारदात के बाद शव को घर के पास स्थित चैंबर में फेंककर नमक और मिट्टी डाल दी गई थी. जांच में सामने आया था कि अर्चना और विशाल के बीच नजदीकियां थीं, जिससे उसकी पत्नी कविता के साथ विवाद बढ़ गया था. पुलिस का मानना है कि इसी तनाव के चलते हत्या की योजना बनाई गई थी. फरार कैदी की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं और उसके संभावित ठिकानों पर नजर रखी जा रही है.

# सीएस की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी गठित

**कमांड क्षेत्र विकास आधुनिकीकरण को सुनिश्चित करेगी कमेटी**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 नवंबर. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत मध्यप्रदेश की तीन नदी परियोजनाओं के कमांड क्षेत्र विकास आधुनिकीकरण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी का गठन किया गया है.**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रमुख अभियंता, जल संसाधन, अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, आयुक्तकमाण्ड क्षेत्र विकास भोपाल, मुख्य अभियंता, केन्द्रीय जल आयोग, भोपाल और मुख्य अभियंता (बोधी), जल संसाधन, भोपाल समिति में सदस्य होंगे.



# निलंबित तहसीलदार को हाईकोर्ट से राहत

## तहसीलदार का तर्क – पीड़िता का एक ही बेटा, फिर दो जैविक पिता कैसे

**ग्वालियर, 28 नवम्बर. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने निलंबित तहसीलदार शत्रुघन सिंह चौहान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोप में दर्ज एफआईआर निरस्त करने का आदेश दिया है.**

महिला थाना ग्वालियर में 15 जनवरी 2025 को दर्ज इस केस में पीड़िता ने तत्कालीन तहसीलदार पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था. गौरतलब है कि तहसीलदार शत्रुघन सिंह इस मामले में लंबे समय तक फरार रहे थे. सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका निरस्त होने के बाद उन्होंने 30 जून को ग्वालियर जिला कोर्ट में सरेंडर किया था. इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में एफआईआर निरस्त करने की याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मामले की परिस्थितियों और घटनाक्रम की टाइमिंग को देखते हुए कहा कि यह प्रकरण निजी रंजिश या बदले की भावना से प्रेरित प्रतीत होता है. इसलिए इस केस में ट्रायल जारी रखना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा.

### तहसीलदार पक्ष के तर्क




याचिकाकर्ता की ओर से पेश पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता राजीव शर्मा ने दलील दी कि पीड़िता ने एक अन्य मामले में स्वयं को 2010 से 2020 के बीच अमित यादव की पत्नी बताया था. साथ ही 2014 में जन्मे पुत्र को अपना एकमात्र बच्चा बताया. बचाव पक्ष के अनुसार, पीड़िता के केवल एक ही संतान है और उसने दोबारा कोई बच्चा जन्म नहीं दिया है. इसके बावजूद बाद में उसने यह दावा किया कि 2014 में जन्मे पुत्र के जैविक पिता तहसीलदार शत्रुघन सिंह हैं.

# संगठन को मजबूत करेगी कांग्रेस




विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 नवम्बर. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को राजनीतिक मामलों में समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं ने संगठनात्मक और रणनीतिक मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया.**

बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना से जुड़े प्रमुख निर्णय भी लिए गए. इस बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व सांसद मिनाक्षी नटराजन, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और विजयलक्ष्मी साधो, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, पूर्व मंत्री बाला बच्चन, एआईसीसी सचिव कुणाल चौधरी और सत्यनारायण पटेल, हिना कांवरे, चंदन यादव, उषा नायडू, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, संगठन महामंत्री संजय कामले, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी, सेवादल संगठक अवनीश भार्गव, विधायक आरिफ मसूद तथा प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे.

> बैठक में संगठन को सुदृढ़ करने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की तैयारी, मतदाता सूची पुनरीक्षण और जमीनी स्तर पर कांग्रेस की उपस्थिति को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई. समिति ने राज्यभर में संपर्क और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया.

# एक्सप्रेस ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव स्वीकृत

**भोपाल, 28 नवम्बर . 73वीं चेटियागिरि विहार वर्षगांठ तथा पवित्र अवशेषों के दर्शन के उपलक्ष्य में सांची स्तूप परिसर में 29 और 30 नवम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो दिनों — 28.11.25 एवं 29.11.25 — तक सांची स्टेशन पर चार प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का दोनों दिशाओं में दो मिनट का अस्थायी ठहराव स्वीकृत किया है.**



सांची स्टेशन पर 28 एवं 29 नवम्बर को अस्थायी ठहराव प्राप्त गाड़ियाँ.

1. गाड़ी संख्या 12615 — चेन्नई सेंट्रल से नई दिल्ली एक्सप्रेस
2. गाड़ी संख्या 12616 — नई दिल्ली से चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस
3. गाड़ी संख्या 18237 — कोरबा से अमृतसर एक्सप्रेस
4. गाड़ी संख्या 18238 — अमृतसर से कोरबा एक्सप्रेस

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इन ट्रेनों में अस्थायी ठहराव की सुविधा मिलने से सांची स्तूप में होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होने वाले यात्रियों के आवागमन में काफी सहूलियत होगी. चेटियागिरि विहार वर्षगांठ के दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सांची पहुंचने की संभावना को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है.

# राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हमला, जातीय तनाव बढ़ा

## सम्यक समाज संघ के लाखन सिंह की गाड़ी पर पथराव

**ग्वालियर, 28 नवम्बर . सम्यक समाज संघ (एस-3) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह बौद्ध पर गुरुवार रात बाइक सवार बदमाशों ने हमला कर दिया.**

घटना उस समय हुई जब लाखन सिंह शादी समारोह से लौट रहे थे. सुरेश नगर सरकारी मल्टी के पास उनकी कार के सामने अचानक दो बाइक पर सवार चार युवक आए और वाहन रोकने का इशारा किया. संदिग्ध स्थिति देखते हुए लाखन सिंह ने कार के दरवाजे लॉक कर दिए. आरोप है कि हमलावरों ने कार का गेट खोलने की कोशिश की और सफल न होने पर पीछे से पथराव शुरू कर दिया. पथराव में उनकी स्विफ्ट डिज़ायर कार का पिछला शीशा टूट गया. इसके बाद हमलावर करीब आधा किलोमीटर तक बाइक दौड़ाते हुए कार का पीछा करते रहे. लाखन सिंह किसी तरह मेला ग्राउंड क्षेत्र तक पहुंचे जहाँ पुलिस प्वाइंट दिखाई देने पर आरोपी फरार हो गए. घटना के बाद वे सीधे थाटीपुर थाने पहुंचे और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने चार आरोपियों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

### 2018 के जातिगत उपद्रव में भी आया था नाम

लाखन सिंह का नाम 2018 में हुए जातिगत उपद्रव के मामले में भी आया था. उस समय उन पर उपद्रव भड़काने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी. हालांकि उस मामले में जाँच अब भी लंबित है. लाखन का कहना है कि हमले के दौरान उनकी जान को गंभीर खतरा था और हमलावर उन्हें कार से बाहर खींचने की कोशिश कर रहे थे. हमले की खबर सामने आने के बाद ग्वालियर में एक बार फिर जातिगत तनाव का माहौल बन गया है. स्थानीय संगठनों ने सुरक्षा की स्थिति को लेकर चिंता जताई है और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की पहचान जल्द की जाएगी.

### साढ़े पांच लाख की लूट के वाहनों की तलाशी

**ग्वालियर।** डबरा में गोपाल बाग सिटी के पास किराना व्यापारी पवन श्रीवास्तव से साढ़े पांच लाख रुपए की लूट का मामला अभी तक अनसुलझा हुआ है। अति. पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर ने आज शाम डबरा पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आक्रोशित व्यापारियों को जल्द ही लुटेरों को पकड़ने का आश्वासन दिया। लूट की घटना के बाद पीढ़ित पक्ष से भी एएसपी जयराज कुबेर मिले और लूट की इस पूरी वारदात से जुड़े प्रत्येक पहलू की तफसील से जानकारी ली। जिले के सभी प्रवेश नाकों पर नाकाबंदी जारी है एवं आरोपियों को पकड़ने के लिए वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

# एसआईआर में गलत जानकारी दी तो होगी दो साल कैद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 नवंबर. लोकतांत्रिक व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान दोहराया है.**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 31 और 32 के तहत यदि कोई व्यक्ति एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है. इस प्रावधान के अनुसार, दोषी पाए जाने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना दोनों हो सकते हैं. चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआई प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता द्वारा दी जाने वाली सभी सूचनाओं की सत्यता अनिवार्य है. गलत जानकारी देने को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखते हुए आयोग ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी. मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आयोग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की मिथ्या सूचना देने से बचें.



# ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का पालन करें पदाधिकारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 नवंबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रेडक्रॉस कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी से कहा कि संगठन के प्रशासनिक कार्यों में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्च मानदंडो का पालन करें.**

दीन- दुखी, वंचित और पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है. इस पावन पथ पर चलने का जो सुअवसर मिला है, उसे अपने ज्ञान, कौशल और प्रयासों से रेडक्रॉस संगठन का गौरव बढ़ाए. मानव सेवा की पावन परम्परा में प्रदेश की रेडक्रॉस इकाई के कार्यों के नए आदर्श स्थापित करें. समाज के सबसे ज़रूरतमंद लोगों के जीवन में आशा, राहत और सुरक्षा का संबल बन. रेडक्रास के कार्यों को नई गति, नई दिशा और नए विस्तार के साथ आगे बढ़ाए. राज्यपाल पटेल शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की मध्यप्रदेश राज्य शाखा की नवगठित प्रबंध समिति एवं पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने नव नियुक्त चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, उप सभापति मनीष रावल और मानसेवी कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता को शपथ दिलायी. सभी को पुष्प-गुच्छ भेंटकर आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी. राज्यपाल पटेल ने रेडक्रॉस के जिला प्रतिनिधियों को संभागवार शपथ दिलायी. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नव निर्वाचित तीनों पदाधिकारियों को सर्टिफ़िकेट प्रदान किया. राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित समारोह में आयुक्त लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण डॉ. तरुण राठी भी मौजूद थे.


**आवश्यकता है केयर टेकर की**

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके. कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता. 12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-

संपर्क करें
9826461065


**विवाह उत्सव** — सीएम के बेटे की शादी का आमंत्रण कार्ड बना मिसाल, माता पूजन से हुई शादी की शुरूआत

# राजधर्म के साथ मुख्यमंत्री ने निभाया पितृ धर्म



### 22 बेटियों का विवाह कर करेंगे पुण्य कर्म

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन. मध्य प्रदेश की सत्ता के सर्वोच्च शिखर पर पदस्थ होने के बावजूद भी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी सादगी - सरलता के साथ-साथ राजधर्म नहीं छोड़ा.**

जहां शुक्रवार को दिन भर सीएम भोपाल में सरकार चलाने में व्यस्त रहे, वहीं शाम को पुत्र विवाह के मद्देनजर उज्जैन पहुंचे, हालांकि वे माता पूजन में शामिल नहीं हो पाए, बावजूद राजधर्म के साथ-साथ मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पितृ धर्म भी निभाया. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने बेटे की शादी के जरिए समाज को सादगी और समानता का बड़ा संदेश दिया है. उनके छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव, 30 नवंबर 2025 को खरगोन निवासी डॉ. इशिता के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे. शुक्रवार की सुबह माता पूजन हुआ, शाम को दूल्हे के पिता मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी आयोजन में शामिल हुए. यह विवाह किसी भव्य आयोजन की तरह नहीं, बल्कि उज्जैन के शिप्रा तट के पास आयोजित होने वाले एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में संपन्न होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पुत्र अभिमन्यु के साथ ही उनके साथ 22 अन्य जोड़े भी फेरे लेंगे. शादी के कार्यक्रमों की शुरुआत शुक्रवार को मुख्यमंत्री के गीता कॉलोनी स्थित निवास पर पारंपरिक माता पूजन से हुई. यह समारोह अत्यंत सरल और आत्मीय रहा, जिसमें केवल करीबी परिजन, पारिवारिक मित्र और स्थानीय भाजपा के कुछ प्रमुख नेता शामिल हुए. मुख्यमंत्री के बड़े बेटे वैभव यादव, बेटी डॉ. आकांक्षा यादव, बड़े भाई नारायण यादव और बहन कलावती यादव सहित सभी ने डीजे और ढोल की धुन पर जमकर नृत्य किया.

### बहन और बेटी तैयारी में जुटे

सीएम की बहन और नगर निगम सभापति, कलावती यादव ने कहा कि यह बाबा महाकाल की कृपा है कि घर में खुशियों का ऐसा सादगी भरा प्रसंग आया है.वहीं, बेटी डॉ. आकांक्षा यादव ने बताया कि उनके पिता मुख्यमंत्री डॉ यादव विवाह तक सभी कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे.प्रथम पूज्य भगवान चिंतामन को विवाह का प्रथम आमंत्रण देने के साथ ही सारी बाकी की तैयारी बड़ी बहन कलावती यादव ने की वहीं सीएम की बेटी डॉ आकांक्षा यादव ने मार्केट से लेकर पारिवारिक तैयारी में हाथ बंटाया.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60